<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से किया संवाद। कहा– नये युग का शुभ आरम्भ है यह यात्रा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर कल गोरखपुर आयेंगी। एम्स के दीक्षांत समारोह के अलावा गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में होंगी शामिल।
- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में हुयी वर्षा ने लोगों को उमस भरी गर्मी से दिलायी राहत। अगले चार दिन तक गरज–चमक के साथ बारिश का जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने लखनऊ के रहने वाले शुभांशु को अंतरिक्ष में परचम लहराने पर शुभकामना दी। उन्होंने शुभांशु से कहा कि उनकी यह यात्रा नये युग का शुभारम्भ है।

***आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं लेकिन मेरे साथ 140 करोड भारत वासियों की भावनायें भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतियों का उत्साह और उमंग शामिल है। अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपकी तबयत ठीक है।***

**शुभांशु–**

***जी, प्रधानमंत्री जी बहुत बहुत धन्यवाद। आपकी विशेज का और 140 करोड़ मेरे देशवासियों के विशेज का। मैं यहां बिलकुल ठीक हूं सुरक्षित हूं। आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत नया एक्सपीरियंस है ये। ये जो मेरी यात्रा है, ये पृथ्वी से ओर्बिट की 400 किलोमीटर तक की छोटी सी यात्रा है। ये सिर्फ मेरी नहीं है। मुझे लगता है कहीं न कहीं हमारे देश की भी यात्रा है।***

शुभांशु ने प्रधानमंत्री और देशवासियों की शुभकामनाओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिये गर्व की बात है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं। कैप्टन शुभांशु शुक्ला न केवल भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय भी हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन पिछली पचीस जून को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर कल गोरखपुर आ रहीं हैं। यहां वह एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रस्तावित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के गोरखपुर कार्यक्रम की जानकारी देती रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी, जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरुगोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गिरीश चौबे आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।***

राष्ट्रपति के दौरे की तैयारी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर आकर जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल और यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के दौरान व्यवस्था को लेकर कई जरूरी निर्देश दिये।

**********

केन्द्र सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए आदर्श नियम जारी किए हैं। इनका उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, वनों के बाहर पेड़ों की संख्या बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन को रोकना, लकड़ी के आयात को कम करना एंव भूमि के समावेशी उपयोग को सुनिश्चित करना है। एक रिपोर्ट–

***पर्यावरण मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा है कि इनका उद्देश्य कृषि वानिकी में व्यवसाय करने की सुगमता को बढावा देना है। यह नियम किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियागत बाधाओं के अपनी फसलों में पेड़ों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति इन नियमों के लिए भी समिति के रूप में कार्य करेगी। समिति राज्य सरकार को कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के विषय में सलाह देगी। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

**********

प्रदेश के नगर विकास विभाग ने आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों को देखते हुए नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये व्यापक योजना शुरू की है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी शहरी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

***घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर खास ध्यान देते हुए वहां विशेष सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे। कांवड़ मार्गों पर नियमित अंतराल पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी और कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट के रूप में आयोजित किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगमों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की सहायता ली जाएगी। प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित निगरानी सेल गठित की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा कल झांसी में भाजपा द्वारा आयोजित आपातकाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रुप में मना रही है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आपातकाल के दौर की विभीषिका की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

***25 जून 1975 को आपातकाल लगा। 25 जून को पचास वर्ष पूरे हुए आपातकाल के। भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता इस आपातकाल की चर्चा जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बिना मंत्रिपरिषद बुलाए हुए, बिना देश के लोगों को विश्वास में लिये हुए। उन्होंने इस आपातकाल लगाने की घोषणा राष्ट्रपति को दी।***

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कल अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर निर्माण संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। श्री मिश्र ने बताया कि जुलाई अंत तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में पहली बार श्रीरामलला के मंदिर के भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल की खिड़कियों में टाइटेनियम धातु की जाली लगाई जाएगी।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की पीसीएस मुख्य परीक्षा आज से शुरू हो रही है। यह परीक्षा आगामी दो जुलाई तक प्रयागराज और लखनऊ के परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होंगी। परीक्षा के लिये लोकसेवा आयोग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मानसून की सक्रियता बनी हुयी है। अधिकांश जिलों में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। वाराणसी, जौनपुर, अमरोहा, गोरखपुर सहित कई जिलों में कल हुयी बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र कवर करने के बाद मॉनसून पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया है।

**********

क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की आमसभा की बैठक 26 जुलाई को होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सहगल की अध्यक्षता में कल हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया, ये बैठक गोमती नगर स्थित बीबीडी एकेडमी में हुई। एसोसिएशन के सचिव के. एम. खान ने बताया कि इस सभा में एसोसिएशन से पंजीकृत सभी इकाइयों के अध्यक्ष अथवा सचिव शामिल हो सकते हैं।

**********